ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 28 मार्च 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 309


## ईरान जंग के बीच कूटनीति तेजः 3 देशों के विदेश मंत्री पाकिस्तान जाएंगे, यूएई के शामिल होने के संकेत




**24 न्यूज अपडेट**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के 29वें दिन वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करेंगे। इस बैठक को जंग शुरू होने के बाद पहली बड़ी बहुपक्षीय पहल माना जा रहा है, जिसमें मिडिल ईस्ट के हालात पर व्यापक चर्चा होगी। पहले यह बैठक तुर्किये में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट किया गया।

### पाकिस्तान क्यों बना बैठक का केंद्र?

विशेषज्ञों के अनुसार पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से संतुलित संबंध हैं, जिससे वह एक न्यूट्रल प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। इसके अलावा तुर्किये और मिस्र के साथ भी उसके संबंध स्थिर माने जाते हैं, जिससे वार्ता को आगे बढ़ाने में सहूलियत मिल सकती है। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात के भी अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर इस संघर्ष में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से अधिक मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें अधिकांश को एयर डिफेंस सिस्टम ने निष्क्रिय कर दिया।

### जंग के ताजा घटनाक्रम

ईरान ने दक्षिणी फार्स प्रांत में 120 क्लस्टर बम निष्क्रिय करने का दावा किया। इजराइल ने ईरान के अराक स्थित हेवी वॉटर न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स सहित कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ने से पिछले एक महीने में 9 लोगों की मौत और सैकड़ों हमलों की घटनाएं सामने आईं। यमन में हूती लड़ाकों पर सरकार ने देश को युद्ध में धकेलने का आरोप लगाया। इस बीच भारत भी कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोम्मद बिन सलमान से बातचीत कर क्षेत्रीय हालात और ऊर्जा सुरक्षा पर चिंता जताई। मिडिल ईस्ट में लगातार बदलते हालातों के बीच यह साफ है कि अब जंग सिर्फ सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं रही, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी नए समीकरण तेजी से बन रहे हैं।

## बांग्लादेश ने हटाया IPL टेलीकास्ट पर बैन, मंत्री बोले- खेल को राजनीति से अलग रखना जरूरी

**24 न्यूज अपडेट**

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के प्रसारण पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वापन ने शनिवार को स्पष्ट किया कि खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए और अब IPL के टेलीकास्ट पर कोई रोक नहीं है। जहीर उद्दीन स्वापन ने कहा कि अभी तक किसी भी चैनल ने IPL के प्रसारण के लिए औपचारिक आवेदन नहीं किया है, लेकिन यदि कोई आवेदन आता है तो सरकार उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि IPL को व्यावसायिक नजरिए से देखा जाएगा। दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था जब बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट



राइडर्स ने टीम से बाहर कर दिया था। इसके बाद तत्कालीन यूनुस सरकार ने IPL के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले युवा एवं खेल मामलों के राज्य मंत्री अमीनुल हक ने भी संकेत दिए थे कि नई सरकार इस प्रतिबंध पर पुनर्विचार कर सकती है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने KKR को मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह विवाद और गहरा गया। अब बैन हटने के बाद बांग्लादेश में क्रिकेट प्रेमियों के लिए IPL देखने का रास्ता फिर से साफ हो गया है।

## इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंगःवाइब्रेशन के बाद एक इंजन बंद हुआ, दूसरे से उतारा; 160 पैसेंजर सवार थे




**24 न्यूज अपडेट**

विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंजन बंद होने की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे।

विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी। रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं, जिस बोइंग 737 विमान (TC-CON) के इंजन में खराबी आई, वह तुर्की की कोरेनडन एयरलाइंस से लीज पर लिया गया है।

### इंडिगो ने कहा- विमान की जांच जारी

फ्लाइट 6E 579 में लैंडिंग से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी सामने आई। सावधानी बरतते हुए और तय नियमों के मुताबिक पायलटों ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पहले लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली के आईजीआई पर उतारा गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई। विमान की जांच और जरूरी मेंटेनेंस किया जा रहा है।

## रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगाः1 अप्रैल से बैन शुरू; भारत पर कम, चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

**24 न्यूज अपडेट**

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है।

नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकता हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।

## देशहित बनाम राजनीति पर घमासानः मदन राठौड़ का कांग्रेस पर हमला, गहलोत के बयान पर उठाए सवाल



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच देश में सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि विपक्ष लगातार देश की छवि खराब करने और जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। मदन राठौड़ ने कहा कि विपक्ष के कई नेताओं के बयानों में राष्ट्रभक्ति का अभाव नजर आता है। दुश्मन देशों को लेकर दिए गए बयानों पर उठे विवाद पर उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नेताओं को ऐसे शब्दों से आपत्ति है, तो यह उनकी सोच को दर्शाता है। ईरान-इजरायल युद्ध के संदर्भ में मध्यस्थता को लेकर दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि भारत की विदेश नीति हमेशा स्पष्ट रही है और देश किसी तरह की "दलाली" नहीं करता। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके विचार देशहित के अनुरूप नहीं लगते। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में अभाव और संकट का माहौल दिखाकर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रही है, जबकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत हुआ है और उसकी साख लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है और देश अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। परिवारवाद के मुद्दे पर भी मदन राठौड़ ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि वे खुद "पुत्र मोह" से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत ने अपने बेटे वैभव गहलोत को आगे बढ़ाने के कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा—"खुद तो गुड़ खाएं और दूसरों को गुड़ छोड़ने की सलाह दें, यह ठीक नहीं है।" उन्होंने कहा कि सलाह वही प्रभावी होती है, जो खुद उस पर अमल करे।

## सोना इस हफ्ते 4,276 सस्ता, 1.43 लाख पर आयाःचांदी 10,717 गिरकर 2.21 लाख पर पहुंची, डॉलर की डिमांड बढ़ने से गिरे दाम



**24 न्यूज अपडेट**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। सोना हफ्तेभर में 4,276 रुपए गिरकर 1.43 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 20 मार्च को 1.47 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.32 लाख किलो से गिरकर 2.21 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 10,717 रुपए कम हुई।

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से निवेशक अपनी 'गोल्ड होल्डिंग्स' बेचकर कैश (डॉलर) इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि बाजार की अस्थिरता से निपट सकें। इससे डॉलर डिमांड बढ़ रही है और सोने-चांदी के दाम गिर रहे हैं।

## बैंक अपने पास 100-मिलियन डॉलर से ज्यादा नहीं रख सकेंगेःरुपए में लगातार गिरावट को रोकने के लिए RBI का निर्देश, इससे विदेशी सामान सस्ते होंगे




**24 न्यूज अपडेट**

RBI ने निर्देश दिया है कि बैंक अब हर दिन अपने पास 100 मिलियन डॉलर (करीब 950 करोड़ रुपए) से ज्यादा नहीं रख सकेंगे। इससे पहले बैंक हर दिन 300 से 500 मिलियन डॉलर (2,845-4,743 करोड़ रुपए) होल्ड कर रहे थे।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देश का असर यह होगा कि बैंक अब उनके पास मौजूद एक्स्ट्रा डॉलर को मार्केट में बेचेंगे तो इससे रुपया मजबूत होगा। जिससे विदेशी सामान खरीदना, विदेश में पढ़ना और घूमना सस्ता हो सकता है।

इसके अलावा मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स भी सस्ते हो सकते हैं। RBI के यह निर्देश जारी करने के एक दिन पहले ही रुपया डॉलर के मुकाबले 94.59 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है।

## आईफोन-15 और 16 जैसे पुराने मॉडल्स 5,000 तक महंगे होंगेःएपल ने इंसेंटिव देना बंद किया



**24 न्यूज अपडेट**

भारत में अब पुराने आईफोन खरीदने पर ग्राहकों को ज्यादा पैसे चुकाने पड़ सकते हैं। एपल ने आईफोन 15 और 16 जैसे पुराने मॉडल्स पर रिटेलर्स को डिमांड जनरेशन (DG) सपोर्ट यानी इंसेंटिव देना बंद करने का फैसला किया, जिससे कीमतें करीब 5,000 रुपए तक बढ़ सकती हैं।

मनीकंट्रोल के मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह फैसला इसी हफ्ते लागू हो सकता है। हाल ही में कैशबैक ऑफर्स 6,000 से घटाकर 1,000 रुपए किए गए थे, जिससे आईफोन 17 सीरीज महंगी हुई और अब पुराने मॉडल्स की कीमतें भी बढ़ जाएंगी।

## संपादकीय : दहेज का दंश

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवी सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती है। सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है। इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है ! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए। इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना । सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है।

## लापरवाही बदस्तूर

पिछले कुछ समय से सफर के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने की शिकायतें सुर्खियों में रही हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद भारतीय रेल की ओर से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में बेहतर सेवा देने के आश्वासन दिए जाते हैं। मगर ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को ट्रेनों में खराब खाना देने की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उसमें सुधार करने की कोई फिक्र नहीं है। वरना क्या वजह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब रेलवे के अधिकारी या मंत्रालय थोड़ा सक्रिय दिखते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही दशा आम हो जाती है। हालत यह है कि वंदे भारत जैसी जिन ट्रेनों को उच्च और प्रीमियम दर्जे की सुविधाओं से लैस बताया जाता है, उनमें भी खराब खाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं। गौरतलब है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़ा होने की शिकायत की। आसपास मौजूद अन्य यात्रियों ने साथ-साथ इसका वीडियो फैलने के बाद आम लोगों के बीच इस बात पर नाराजगी बढ़ी। इसके बाद रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ- साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया। इस तरह का यह कोई अकेला मामला नहीं है। पिछले वर्ष जुलाई में खुद रेल मंत्रालय ने संसद को बताया था कि 2024-25 के दौरान ट्रेनों में खराब खाने को लेकर 6,645 शिकायतें दर्ज की गई थीं। ऐसे मामले भी होते होंगे, जिनमें किसी यात्री को मिला खाना खराब होता होगा, लेकिन वे औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराते होंगे। सवाल है कि खानपान की गुणवत्ता को हर तरह से स्वच्छ और बेहतर बनाने का रेल महकमे का ढांचा आखिर कैसे काम करता है कि आए दिन यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने के मामले सामने आते हैं। क्या यह यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं है ? रेल मंत्रालय की ओर से कई बार सख्त कार्रवाई की जाती है, लेकिन बार-बार ऐसी शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर लगाम लगाना मुश्किल क्यों बना हुआ है !

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में युवक की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर परिजन-ग्रामीणों का हंगामा




उदयपुर। वल्लभनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात हुए सड़क हादसे के बाद शनिवार को हालात तनावपूर्ण हो गए, जब मृत युवक के परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब 300 ग्रामीण पोस्टमॉर्टम के बाद एंबुलेंस में शव रखकर ट्रैक्टर मालिक के घर ले जाने पर अड़ गए। पुलिस ने बीच रास्ते में एंबुलेंस को रोक लिया, जिसके बाद ग्रामीण सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच तीखी बहस भी हुई। एक महिला ने आक्रोश में कहा कि उन्हें न्याय चाहिए। स्थिति को देखते हुए मौके पर चार से अधिक थानों का जाब्ता तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार हादसा नवानिया रोड पर हुआ, जहां ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान नवानिया निवासी 20 वर्षीय रूद्र नागदा पुत्र अमरा नागदा की मौत हो गई। वहीं, तरुण सुथार (23) और शिवलाल गुर्जर (30) का उदयपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। एएसआई रमेश जाट के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी भिड़त हो गई। परिजनों ने बताया कि दो युवक नौकरी के लिए हैदराबाद जा रहे थे, जबकि तीसरा उन्हें छोड़ने जा रहा था। मृतक रूद्र नागदा हैदराबाद की एक टायर कंपनी में कार्यरत था। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। वे शव को ट्रैक्टर मालिक के घर ले जाकर विरोध दर्ज कराना चाहते थे। पुलिस ने समझाइश कर स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए वल्लभनगर, खेरोदा, मावली, फतेहनगर और भींडर थानों की पुलिस मौके पर तैनात की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता की जा रही है। वल्लभनगर थाने के एएसआई रमेश जाट ने बताया कि परिजनों की मांगों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। सहमति बनने के बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया जाएगा। इधर, ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर लिया है, जबकि ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है।

## लापता पति की तलाश में टंकी पर चढ़ी पत्नी, 6 घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा; SIT गठन के आश्वासन पर उतरी नीचे




उदयपुर। गोगुंदा क्षेत्र के कुंडाऊ गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला अपने लापता पति की तलाश की मांग को लेकर निर्माणाधीन पानी की टंकी पर चढ़ गई। करीब छह घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज घटनाक्रम ने प्रशासन और पुलिस को भी असहज स्थिति में डाल दिया। अंततः विशेष जांच टीम (SIT) बनाने के आश्वासन के बाद महिला नीचे उतरने को तैयार हुई। जानकारी के अनुसार कुंडाऊ निवासी 27 वर्षीय कमला बाई सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गई और वहां से जोर-जोर से चिल्लाते हुए अपने पति को ढूंढने की मांग करने लगी। उसने साफ कहा कि जब तक पुलिस उसके पति के बारे में ठोस जानकारी नहीं देती, वह नीचे नहीं उतरेगी। इस दौरान उसने आत्महत्या की धमकी भी दी, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में तनाव की स्थिति बन गई। कमला का पति तुलसीराम गमेती (29) पिछले 43 दिनों से लापता है। परिजनों के अनुसार वह 15 फरवरी को घर से सीमेंट खाली करवाने के बहाने एक व्यक्ति के साथ गया था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। इस संबंध में गोगुंदा थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से परिवार और ग्रामीणों में आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। एएसपी अंजना सुखवाल, गिर्वा डीएसपी राजेश यादव, प्रशिक्षु आईपीएस असीमा वाधवानी, एसडीएम शुभम भैसारे, तहसीलदार प्रणीण कुमार सैनी और गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह चारण सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी तैनात की गई। करीब पांच घंटे तक अधिकारी टंकी के नीचे खड़े रहकर महिला और उसके परिजनों को समझाते रहे। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण और आदिवासी समाज के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताने लगे। कमला ने बताया कि उसका पति परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। पति के लापता होने के बाद परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरुआती दिनों में मामले को गंभीरता से नहीं लिया। बढ़ते दबाव के बाद पुलिस ने तुलसीराम की तलाश के लिए पोस्टर जारी किए और सूचना देने वाले को एक लाख रुपए इनाम देने की घोषणा भी की, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। इसी से आहत होकर कमला ने यह कदम उठाया।


## आयड़ नदी में मिला युवक का शव, सिर पानी के भीतर और पैर बाहर




उदयपुर। शहर के पुलां क्षेत्र स्थित आयड़ नदी शनिवार सुबह एक दर्दनाक घटना का गवाह बनी, जब ठहरे पानी में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और देखते ही देखते पुलिया पर भारी भीड़ लग गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे स्थानीय लोगों ने नदी के पेटे में एक शव दिखाई देने की सूचना पुलिस को दी। अंबामाता थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव आधा पानी में डूबा हुआ था—सिर पानी के भीतर और पैर बाहर की ओर नजर आ रहे थे, जिससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं। इसी दौरान अपने लापता परिजन की तलाश में निकली पत्नी और चचेरा भाई भी घटनास्थल पर पहुंचे। जैसे ही उन्होंने शव को देखा, उनकी तलाश का अंत एक दर्दनाक सच में बदल गया—पानी में पड़ा शव उनके अपने ही राजकुमार का था। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए शव को बाहर निकलवाकर अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया और मौका पर्चा तैयार किया। प्रारंभिक जांच में मामला पानी में डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। मृतक की पहचान भुवाणा स्थित हवाला भील बस्ती निवासी 35 वर्षीय राजकुमार पुत्र शंकरलाल गमेती के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार राजकुमार शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर से निकला था और अक्सर की तरह आलू फैक्ट्री जाने की बात कहकर गया था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। आयड़ नदी में मिला यह शव कई सवाल छोड़ गया है, जिनके जवाब अब जांच पर टिके हैं।


## लेखांकन व सांख्यिकी विभाग के पाँच शोधपत्र अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बेस्ट पेपर अवॉर्ड से पुरस्कृत






उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग के शोध पत्रों को कोटा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग तथा भारतीय लेखांकन संघ कोटा शाखा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्ट्रेटेजिक पर्सपेक्टिव इन कॉमर्स, मैनेजमेंट एंड सोशल साइंसेज फॉर नेशनल बिल्डिंग: प्रमोटिंग नॉलेज पाथवेज टू मिशन विकसित भारत - 2047 विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एसपीसीएमएस 2026 में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्राप्त हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो शूरवीर सिंह भाणावत ने बताया कि अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में वाणिज्य महाविद्यालय के सह-आधिष्ठाता डॉ. शिल्पा वर्डिया एव उनके शोधार्थी शालिनी चास्टा, हिमालया सिंह के दो शोध पत्र, डॉ पारुल दशोरा एव उनके शोधार्थी नेहा पण्ड्या , डॉ . रामप्रसाद सुथार के दो शोधपत्र और डॉ शिल्पा लोढ़ा, उनके शोधार्थी विष्णु माहवार का एक शोधपत्र सम्मानित हुए । इन शोध कार्यों के माध्यम से लेखांकन विषय के समकालीन मुद्दों पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया जिनमे की टैक्स इंसेंटिव, एंटी अवॉइडेंस रिफार्म, जीएसटी 2.0 जैसे मुद्दे शामिल थे । यह सफलता संस्था के बढ़ते शोध प्रभाव और गुणवत्ता का प्रमाण है |इस अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देश भर के विश्वविद्यालयों से कुल के 5 सत्रों में 270 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए थे और 5 देशों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।

## न.पा. में स्वच्छता शपथ एवं राष्ट्रगीत का हुआ आयोजन




सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। राज्य सरकार के आदेशानुसार नगरपालिका में शनिवार को स्वच्छता शपथ एवं राष्ट्रगीत का आयोजन हुआ। राजस्थान सरकार, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा जारी आदेश के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के मद्देनजर महत्वपूर्ण कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु दिनांक 28 से 29 मार्च 2026 को समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर स्वच्छता शपथ एवं राष्ट्रगीत का कार्य संपादित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। राज्य सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान द्वारा जारी आदेश के तहत शहीद दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 23 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित 'वंदे मातरम् 150 (विशेष चरण)' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्रशासक उपखंड अधिकारी सुबोध सिंह चारण एवं अधिशासी अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख के आदेशानुसार आज नगरपालिका सागवाड़ा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में सभी कार्मिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त कार्मिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# उदयपुर की कंपनियों का सियासी चंदे में दबदबाः 113 करोड़ के खेल में बीजेपी आगे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर/उदयपुर। राजस्थान की राजनीति में इस बार उदयपुर की कंपनियों का प्रभाव साफ तौर पर नजर आया है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड जैसी कंपनियों ने राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा देकर फंडिंग के समीकरणों को नई दिशा दी है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश की राजनीतिक पार्टियों को कुल 112.97 करोड़ रुपए का चंदा मिला, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय जनता पार्टी के खाते में गया। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार कुल चंदे में से 87.51 करोड़ रुपए भारतीय जनता पार्टी को मिले, जबकि कांग्रेस को 25 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। अन्य दल इस मुकाबले में काफी पीछे रहे—आम आदमी पार्टी को 39 लाख और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को मात्र 7 लाख रुपए ही मिल सके। प्रतिशत के आधार पर देखें तो कुल चंदे का 77.46% हिस्सा बीजेपी के पास गया, जबकि कांग्रेस को 22.12% मिला। अन्य दलों की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच सकी, जो प्रदेश की राजनीति में दो दलों के वर्चस्व को दर्शाता है। चंदे के स्रोत की बात करें तो कॉर्पोरेट और बिजनेस घरानों का दबदबा सबसे ज्यादा रहा। कुल 69.27 करोड़ रुपए कंपनियों से मिले, जबकि व्यक्तिगत दानदाताओं ने करीब 43.70 करोड़ रुपए का योगदान दिया। इस मामले में राजस्थान देश में सातवें स्थान पर रहा। कॉर्पोरेट दानदाताओं में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड सबसे आगे रही, जिसने बीजेपी को 15 करोड़ और कांग्रेस को 10 करोड़ रुपए का चंदा दिया। वहीं इसकी पेरेंट कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बीजेपी को 67 करोड़ रुपए का बड़ा योगदान दिया। व्यक्तिगत दानदाताओं में जोधपुर के सत्यनारायण धूत ने बीजेपी को 15 करोड़ रुपए देकर सबसे बड़ा योगदान दिया। इसके अलावा संजय धूत (7 करोड़), अनिश धूत (2 करोड़) और दिनेश धूत (1 करोड़) ने भी उल्लेखनीय चंदा दिया। कंपनियों की सूची में श्री सीमेंट और हिंदुस्तान जिंक ने बीजेपी को 15-15 करोड़ रुपए दिए। इसके अलावा वंडर सीमेंट ने 11 करोड़, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ने 5 करोड़ और जोधपुर की श्रीराम इंडस्ट्रीज ने 3 करोड़ रुपए का योगदान दिया। कुल मिलाकर, आंकड़े यह संकेत देते हैं कि राजस्थान की राजनीति में आर्थिक ताकत का केंद्र बड़े कॉर्पोरेट घरानों के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ है, जहां चंदे का रुख ही सियासी समीकरणों की दिशा तय कर रहा है।

## 10 हजार का इनामी एनडीपीएस आरोपी हिरणमगरी पुलिस के हत्थे चढ़ा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन 'त्रिनेत्र' के तहत हिरणमगरी थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को डिटेन किया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था, जिसे अब आसूचना और तकनीकी सहयोग के आधार पर दबोचा गया। महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज के निर्देशन तथा जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर के सुपरविजन में थानाधिकारी रविन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना सूरजपोल के प्रकरण संख्या 286/2024 धारा 8/22, 8/25 एनडीपीएस एक्ट में वांछित 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी सुरेश पुत्र खेताराम निवासी भूतिया, थाना कुराबड़, जिला उदयपुर को डिटेन किया। आरोपी के खिलाफ लंबे समय से गिरफ्तारी वारंट जारी था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क का भी खुलासा हो सकता है। टीम की सक्रिय भूमिका& कार्रवाई में थानाधिकारी रविन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में टीम के सदस्य भगवतीलाल, राजेन्द्र सिंह, नन्दकिशोर, प्रताप सिंह एवं लोकेश रायकवाल (साइबर सेल) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक का स्वागत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर . पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक डॉ. अश्विनी एम. दलवी का अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यालय जाकर उपरना पहनाकर एवं स्वागत पत्र भेंट किया L यह जानकारी पंचायत संगठन के जिला मंत्री नारायण पंचोली ने देते हुए बताया कि उनके पदभार ग्रहण करने पर पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न कार्य क्षेत्रों में गतिविधियों द्वारा नया आयाम स्थापित करने के साथ साथ पर्यटकों का आकृषित केंद्र बनेगा और उदयपुर का नाम रोशन होगा । इस प्रतिनिधिमंडल में ग्राहक पंचायत संगठन के प्रांत संगठन मंत्री राकेश पालीवाल, जिला अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, करण सिंह कटारिया, फतेहलाल पारिक, रमेश जोशी, अनिल टांक आदि उपस्थित थे।

## रील-कमेंट विवाद ने पकड़ा तूलः भजन गायक ने विधायक पर धमकी का आरोप लगाया, विधायक बोले- 'किसी का टूल न बनें'



24 न्यूज अपडेट

बाड़मेर। सोशल मीडिया पर एक साधारण कमेंट से शुरू हुआ विवाद अब सियासी रंग लेता नजर आ रहा है। भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी पर फोन कर धमकाने का आरोप लगाया है, जबकि विधायक ने इन आरोपों को सीधे तौर पर खारिज करते हुए कहा कि किसी को भी किसी के "टूल" के रूप में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। दरअसल पूरा विवाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए दो वीडियो से शुरू हुआ। पहले वीडियो में एक बच्चे ने स्विमिंग पूल के उद्घाटन के लिए विधायक रविंद्र सिंह भाटी को आमंत्रित किया था, जिस पर विधायक ने वीडियो कॉल के जरिए बातचीत भी की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसी बीच एक अन्य वीडियो सामने आया, जिसमें एक कैंसर पीड़ित बच्चा भावुक होकर विधायक को कई बार कॉल और मैसेज करने के बावजूद जवाब नहीं मिलने की बात कहता नजर आया। इस वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। इसी वीडियो पर भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने कमेंट करते हुए लिखा—"काश बेटा आप रील स्टार होता, तो सभी नेता आपके पास होते।" रावणा का कहना है कि उनका यह कमेंट सामान्य था, लेकिन इसके बाद विवाद बढ़ गया। रावणा ने आरोप लगाया कि 27 मार्च की रात करीब 11 बजे विधायक रविंद्र सिंह भाटी का उनके पास फोन आया, जिसमें उन्होंने धमकाने के लहजे में कहा—"दो बार आपको छोड़ दिया, अब जो कर रहे हो वह ठीक नहीं है।" रावणा के मुताबिक यह अप्रत्यक्ष रूप से जान से मारने की चेतावनी थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह एक कलाकार हैं और अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत उन्होंने कोई आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं किया। ऐसे में उन्हें इस तरह धमकाना अनुचित है। वहीं, विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आजकल लोग दूसरों के कंधों का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए किसी का टूल नहीं बनना चाहिए।

## 3 दिन में 2 कार्रवाई, 4.7 किलो गांजा व एमडीएमए जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

## ऑपरेशन 'त्रिनेत्र' में डबोक पुलिस की बड़ी सफलता




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन 'त्रिनेत्र' के तहत थाना डबोक पुलिस ने महज तीन दिनों में दो बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 4 किलो 700 ग्राम गांजा, 5.95 ग्राम एमडीएमए तथा एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल के सुपरविजन तथा सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) आशिमा वासवानी के नेतृत्व में डबोक थाना टीम ने त्वरित कार्रवाई को अंजाम दिया।

पहली कार्रवाई (24 मार्च 2026): मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नउवा पचोरिया निवासी रतनलाल को उसके रिहायशी क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में प्रकरण संख्या 76/2026 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर जांच मावली थानाधिकारी अशोक कुमार को सौंपी गई।

दूसरी कार्रवाई (27 मार्च 2026): नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने गजेंद्र सिंह निवासी भाटियों का कुआ, महाराज की खेड़ी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 5.95 ग्राम एमडीएमए तथा एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई। इस मामले में प्रकरण संख्या 79/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच घासा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

टीम की अहम भूमिका — पूरी कार्रवाई में थानाधिकारी गोपाल नाथ के नेतृत्व में टीम के सदस्य अर्जुन सिंह, भेरूलाल, जयनारायण, धर्माराम, विकास, सतवीर एवं निखिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में विस्तृत अनुसंधान जारी है और नशा तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## चलान का अमृता-काल, ऑफिस में खड़ी स्कूटी का 1000 रुपए का ई-चालान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ट्रैफिक सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करने वाला एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिला बाल कल्याण समिति की कार्यकारी अध्यक्ष यशोदा पनिया की स्कूटी ऑफिस में खड़ी थी, लेकिन मोबाइल पर 1000 रुपए का ई-चालान पहुंच गया। मामला सामने आते ही यशोदा पनिया ने ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए पूरे घटनाक्रम की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जिस समय चालान काटा गया, उस वक्त वे अपने कार्यालय में मौजूद थीं और स्कूटी भी वहीं खड़ी थी। नई एसपी ने दो दिन पहले ही यातायात से जुडी बैठक लेकर सख्ती के निर्देश दिए थे। मगर चालान इस प्रकार से बनेंगे यह जांच का विषय हैं उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वे लगातार ऑफिस में ही काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक मोबाइल पर मैसेज आया कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण 1000 रुपए का चालान काटा गया है। यह देख वे हैरान रह गईं, क्योंकि उस समय वे सड़क पर थीं ही नहीं। यशोदा पनिया ने कहा कि वे हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाती हैं और नियमों का पालन करती हैं। ऐसे में इस तरह का चालान सिस्टम की खामी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी स्कूटी पूरे समय ऑफिस परिसर में ही खड़ी थी, जिसका प्रमाण वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में मौजूद है।




## मंदिर की दान पेटी चोरी, 50 हजार रुपए लेकर फरार हुए अज्ञात चोर

उदयपुर। जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में मंदिर से दान पेटी चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाश मंदिर की दान पेटी उखाड़कर ले गए, जिसमें करीब 50 हजार रुपए नकद होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार लूंदा गांव निवासी 88 वर्षीय सुखलाल सालवी पुत्र नारायण जी सालवी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 27 मार्च 2026 को रात करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात चोर मंदिर परिसर में घुसे और वहां रखी दान पेटी को चोरी कर ले गए। दान पेटी का वजन लगभग 10 से 15 किलो बताया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी का मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है और मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले की जांच उप निरीक्षक लालूराम के जिम्मे सौंपी गई है।

## फतहनगर में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर कार्रवाई, 20 सिलेंडर जब्त

उदयपुर। जिले के फतहनगर कस्बे में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति के घर से अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। मामले के अनुसार प्रवर्तन निरीक्षक श्रीमती हिमानी सोलंकी, पत्नी संभात सिंह सोलंकी, निवासी किलानिया (मावली) की ओर से 27 मार्च 2026 को लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 15 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1 बजे फतहनगर कस्बे में एक व्यक्ति के घर पर जांच के दौरान 20 गैर-घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे हुए पाए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी बंशीलाल सोनी पुत्र उदयलाल सोनी, निवासी फतहनगर, बिना वैध अनुमति के सिलेंडरों का भंडारण कर रहा था, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस थाना फतहनगर में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की जांच थानाधिकारी चन्द्रशेखर के निर्देशन में की जा रही है।

## एकलिंगपुरा मेन रोड पर डंपर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

उदयपुर। सविना थाना क्षेत्र के एकलिंगपुरा मेन रोड पर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अज्ञात डंपर चालक की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 72 साईं कॉम्प्लेक्स, सांची ग्रुप कॉम्प्लेक्स के पास, कलड़वास निवासी 53 वर्षीय राजेश शर्मा पुत्र मुरलीधर शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि 26 मार्च 2026 को रात करीब 9:30 बजे एकलिंगपुरा मेन रोड पर उनके पिता को अज्ञात डंपर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनके पिता की मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सविना थाना पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल राजेश परमार के जिम्मे सौंपी गई है।

## सड़क निर्माण साइट से लोहे की प्लेटें चोरी, पिकअप में भरकर ले गए बदमाश

उदयपुर। गोगुंदा थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान निर्माण स्थल से लोहे की भारी प्लेटें चोरी होने का मामला सामने आया है। बदमाश पिकअप वाहन में प्लेटें भरकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार प्रतापनगर निवासी 19 वर्षीय तीक्षणराज सिंह पुत्र कमलेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि गोगुंदा से रामपुरा तक सड़क निर्माण कार्य के तहत गोगुंदा-मजावद रोड पर रिटेनिंग वॉल और आरसीसी का काम चल रहा था। घटना 27 मार्च 2026 को सुबह करीब 4 बजे की है, जब अज्ञात दो बदमाश पिकअप वाहन (नंबर आरजे 19 जीई 9610) में आए और मौके से लोहे की कुल 8 भारी प्लेटें चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है और वाहन के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच उप निरीक्षक विनेश कुमार को सौंपी गई है।

# महावीर जन्मोत्सव की भव्य तैयारी, 400 तपस्वियों का सम्मान, 108 गौशालाओं में छप्पन भोग




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भगवान महावीर जन्मोत्सव को इस बार गिरवा क्षेत्र में सेवा, संस्कार और सांस्कृतिक आयोजन के अनूठे संगम के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। गुरु कमल चंद्रोशन गौसेवा ट्रस्ट और विद्यार्थी कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें 400 तपस्वियों का सम्मान, 108 गौशालाओं में छप्पन भोग और हास्य कवि सम्मेलन जैसे आयोजन शामिल हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि गुरुदेव कमल मुनि कमलेश के सानिध्य में 30 मार्च को दोपहर 1 बजे आरएनटी सभागार में 'तपस्वी सेवा सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 400 तपस्वियों के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संस्थापक संजय जैन ने इस आयोजन को केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला अभियान बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सकारात्मकता, सेवा भावना और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। आयोजन श्रृंखला के तहत 31 मार्च को शाम 7 बजे लोक कला मंडल में विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें सुरेश अलबेला, सुनील व्यास, राव अजातशत्रु, मुकेश मौलवा, अर्जुन अल्हड़, मनोज गुर्जर, शंकर पंडित, भावना सुधार और राजेंद्र पंवार सहित कई ख्यातनाम कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही 108 गौशालाओं में छप्पन भोग का आयोजन कर गौसेवा का संदेश भी दिया जाएगा।

# काल्पनिक न्यायालय ने किया अभियुक्त गणों को बाइज्जत बरी का आदेश डॉ. अनुष्का विधि महाविद्यालय में हुआ मूट कोर्ट का आयोजन




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 मार्च। डॉ. अनुष्का विधि महाविद्यालय में शनिवार को विधि एलएल.बी. तृतीय वर्ष के विधार्थियो द्वारा दहेज़ हत्या के मामले में मूट कोर्ट का को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश कुलदीप शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अनुष्का मेमोरियल एजुकेशनल सोसायटी की अध्यक्षा कमला सुराणा एवं सचिव राजीव सुराणा रहे। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एस. सुराणा ने की। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सुराणा ने बताया की मूट कोर्ट विधि के अध्ययन का महत्वपूर्ण भाग है, जिसका संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया जा सके। विधि विषय में प्रायोगिकता का होना अति आवश्यक है और यही मूट कोर्ट के माध्यम से कराया जाता है । मूट कोर्ट राज्य बनाम मनोज कुमार एवं अन्य नामक काल्पनिक वाद पर आधारित था । भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 80, 238 सपठित धारा 3 की उपधारा 5 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट, पुलिस थाना, उदयपुर में दर्ज कर अनुसंधान अधिकारी द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसे सेशन न्यायालय में विचारण हेतु अंतरित किया गया । अभियुक्त की ओर से कुमारी वर्षा डांगी एवं अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक के रूप में अश्विन कोठारी ने पैरवी की । अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह की भूमिका भेरू लाल ,खेमराज मेघवाल, गोपाल सिंह, सीना डांगी, दीपांशु वया एवं धनञ्जय त्रिपाठी ने एवं अभियुक्त की और से बचाव में राजेश्वरी श्रीमाली ने अदा की। अभियुक्त की भूमिका संजय डांगी, कुमारी उषा जैन एवं मिर्जा महमूद बेग ने अदा की हलकारे की भूमिका में सूरजमल मीणा रहे। पुरुष कांस्टेबल नरेश मेघवाल एवं महिला कांस्टेबल भंवरी तथा अनुसन्धान अधिकारी के रूप में धनञ्जय त्रिपाठी ने भूमिका निभाई न्यायालय द्वारा मामले में दो अवधार्य प्रश्न बनाये गए अवधार्य प्रश्न संख्या 1 को अभियोजन पक्ष संदेह से परे साबित करने में असफल रहा । जिसका लाभ अभियुक्तगण को मिला एवं न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को बाइज्जत बरी किया गया। मूट कोर्ट में नीता सोमपुरा ने बतौर सेशन न्यायाधीश के इस मामले में अपना निर्णय सुनाया तथा अभियुक्तगण को बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया । कार्यक्रम का संचालन मयूरी लोहार ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. एस. एस. सुराणा ने मूट कोर्ट की महत्ता बताते हुए समस्त प्रतिभागियों द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की तत्पश्चात संस्थान के सचिव राजीव सुराणा ने भी समस्त प्रतिभागियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। तत्पश्चात उपाचार्य डॉ. मोहम्मद हारून छीपा ने कहा कि मूट कोर्ट की प्रक्रिया में भाग लेने से विद्यार्थियों में बोलने की तथा परिस्थितियों के अनुसार तुरंत निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। चूंकि एलएल.बी. तृतीय वर्ष के छात्र कुछ समय बाद ही बतौर वकील न्यायालय में अपनी उपस्थिति देंगे इसलिए इन विद्यार्थियों के लिए मूट कोर्ट एक बेहतरीन मंच साबित होता है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सचिव राजीव सुराणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. रंजना सुराणा, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. स्मिथ व्यास, डॉ. कृति व्यास, प्रज्ञा खजांची एवं मनोहर खजांची उपस्थित रहे ।

# खेरोदा में अर्थ आवर दिवस पर जागरूकता रैली, विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




24 न्यूज अपडेट

खेरोदा। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खेरोदा में अर्थ आवर दिवस दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मदनलाल बोकड़िया ने की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण प्रेमी शिक्षक दर्शन मेनारिया की पहल पर किया गया, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक चित्र बनाकर प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासन एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर से बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में पोस्टर लेकर पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रैली के माध्यम से आमजन को स्वच्छता, हरियाली और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। अंत में मदनलाल बोकड़िया ने विद्यार्थियों को बिस्किट एवं रंग (कलर) के पैकेट वितरित किए, जिससे बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, समाजजनों व कस्बा वासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

# राजस्थान में सामुराई खेल को नई धारः सैन्साई किशन सोनवाल बने प्रदेश के फाउंडर प्रेसिडेंट

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। मार्शल आर्ट्स की दुनिया में उदयपुर से उठी एक सशक्त आवाज अब पूरे राजस्थान में गूंजने जा रही है। लगभग तीन दशकों से युवाओं को अनुशासन, आत्मरक्षा और फिटनेस का पाठ पढ़ा रहे सैन्साई किशन सोनवाल को ऑल इंडिया सामुराई फेडरेशन ने राजस्थान सामुराई स्पोर्ट्स एसोसिएशन का फाउंडर एवं प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। यह नियुक्ति केवल एक पद नहीं, बल्कि राज्य में सामुराई खेल की दिशा और दशा तय करने वाली जिम्मेदारी है। उदयपुर स्थित वंदे मातरम मार्शल आर्ट संस्थान के संस्थापक और कमांडो मार्शल आर्ट एंड फिटनेस अकैडमी के निदेशक के रूप में किशन सोनवाल ने जो आधार तैयार किया, उसी का विस्तार अब राज्य स्तर पर देखने को मिलेगा। उनकी पहचान सिर्फ एक प्रशिक्षक की नहीं, बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक की है जिन्होंने मार्शल आर्ट्स को खेल से आगे बढ़ाकर जीवनशैली बनाया। ऑल इंडिया सामुराई फेडरेशन के फाउंडर प्रेसिडेंट मनोज यादव द्वारा उन्हें सर्टिफिकेट एवं मेंबरशिप प्रदान की गई। यह चयन उनके दीर्घ अनुभव, तकनीकी दक्षता और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की क्षमता को देखते हुए किया गया है। करीब 30 वर्षों के अपने सफर में किशन सोनवाल ने पारंपरिक और आधुनिक मार्शल आर्ट्स के साथ-साथ वेपन्स ट्रेनिंग में भी महारत हासिल की है। उनके प्रशिक्षण से निकले कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। खेल विशेषज्ञों के अनुसार उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे तकनीक के साथ मानसिक मजबूती और अनुशासन को बराबर महत्व देते हैं— जो किसी भी फाइटिंग स्पोर्ट की असली आत्मा है। नई जिम्मेदारी के तहत अब उनका फोकस राजस्थान में सामुराई खेल का व्यापक विस्तार, तकनीकी प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मजबूत श्रृंखला तैयार करना रहेगा। साथ ही वे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए एक व्यवस्थित ढांचा विकसित करेंगे। राजस्थान सामुराई स्पोर्ट्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया सामुराई फेडरेशन, वर्ल्ड समुराई फेडरेशन (जापान) सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों से जुड़ा हुआ है, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अवसर मिलने की राह और आसान होगी। सैन्साई किशन सोनवाल का स्पष्ट मानना है कि सामुराई प्रशिक्षण केवल आत्मरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उनका लक्ष्य ऐसे सशक्त युवा तैयार करना है, जो शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से मजबूत होकर देश का प्रतिनिधित्व करें। उदयपुर से शुरू हुआ यह सफर अब पूरे राजस्थान में सामुराई खेल के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है।

# महाराणा प्रताप खेल मैदान में गूंजा फुटबॉल का जुनून, मामा अमान प्रतियोगिता का भव्य आगाज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 मार्च। मेवाड़ की खेल परंपरा को नई ऊर्जा देते हुए भूपाल नोबल्स संस्थान में तीन दिवसीय मामा अमान फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्रभर की 27 टीमें अपने कौशल का प्रदर्शन करने मैदान में उतरीं, जिससे पूरे परिसर में खेल का उत्साह नजर आया। आयोजन अध्यक्ष प्रो. रेणू राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ओलंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता अशोक कुमार ध्यानचंद ने किया। उनके साथ प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह ताणा और वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता मेवाड़ अंचल की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिताओं में से एक है, जो वर्षों से निरंतर आयोजित होती आ रही है और क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर रही है। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में गुड मॉर्निंग क्लब और वायबीएफसी डबोक के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें गुड मॉर्निंग क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार ध्यानचंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना होती है। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य करण सिंह उमरी, नवल सिंह जूड़, वि.प्र. सभा सदस्य चंद्रवीर सिंह करेलिया, अतीत सिंह, जयदीप सिंह चुंडावत, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. ऊम सिंह राठौड़ और नाहर सिंह झाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमें खिताब के लिए जोर-आजमाइश करेंगी, जिससे शहर में खेल का माहौल और भी जीवंत बना रहेगा।

# प्रशिक्षणार्थियों ने नाटक 'परसाई का संसार' में किया उम्दा अभिनय



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 मार्च। विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में शुक्रवार 27 मार्च को नाटक 'परसाई का संसार' का सशक्त मंचन किया गया। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में इस प्रभावशाली प्रस्तुति को खूब सराहा गया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन दलवी ने बताया कि गत 20 फरवरी से प्रारंभ हुए 40 दिवसीय प्रस्तुति उन्मुख नाट्य कार्यशाला में प्रतिभागियों ने देश के प्रतिष्ठित रंगकर्मी एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के पूर्व निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने कड़ी मेहनत से इस नाटक को सीखकर (जिसमें अभिनय, संवाद और मंच सज्जा) पहली बार मंच पर प्रस्तुत किया। इस नाटक में निर्देशन संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित प्रो. सुरेश शर्मा तथा सहायक निर्देशक तनय विवेक पाण्डेय का रहा। प्रो. सुरेश शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रस्तुत यह कृति भाव-भंगिमाओं, मुद्राओं और प्रतीकों व अभिनय के माध्यम से एक सशक्त नाट्य-रचना बनकर उभरी। सभी प्रतिभागियों का अभिनय अत्यंत सराहनीय रहा। हारमोनियम पर महबूब हुसैन तथा ढोलक पर तुषार राव ने साथ दिया। रंगमंच प्रेमियों ने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की इस पहल की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की गई। इस अवसर पर केन्द्र के उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, अधीक्षण अभियंता सीएल सालवी, कार्यक्रम कार्यकारी हेमंत मेहता, राकेश मेहता, दयाराम सुथार, दीपक नवलखा, सिद्धांत भटनागर सहित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं शहर के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहिता दीक्षित ने किया। उल्लेखनीय है कि नाटक 'परसाई का संसार' सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की रचनाओं पर आधारित है, जिसमें समकालीन सामाजिक विसंगतियों पर तीखा और सारगर्भित व्यंग्य प्रस्तुत किया गया है। इन रचनाओं में निठल्ले की डायरी, रामसिंह की ट्रेनिंग, रानी नागफनी की कहानी (लघु उपन्यास), मातादीन चाँद पर का मंचन किया गया।

**ये थे प्रशिक्षणार्थी** - अमित के. व्यास, अनिल दाधीच, भयभीत सिंह, अर्पण शर्मा, अरशद कुरैशी, कृतिका खमेसरा, चंदा पुरबिया, जेठानंद पंवार, पियूष गुरुनानी, पियूष जैन, प्रशांत मणि त्रिपाठी, प्रशांत पुरोहित, फाल्गुनी समर, भानुप्रिया रोहिल्ला, मलय पटेल, महबूब हुसैन, मुकेश गादरी, निकिता शर्मा, रंजना सुलेचा, राजेश पूर्बिया, रिया नागदेव, रुद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार, सदीसा नूर खान, सरस्वती भटनागर, सृष्टि भटनागर।

# झामेश्वर महादेव प्रांगण में बना स्टील शेड, आरएसएमएम पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी का सराहनीय प्रयास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आरएसएमएम पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान के सदस्यों ने आपसी आर्थिक सहयोग से झामेश्वर महादेव प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक सुंदर स्टील शेड का निर्माण करवाया। यह शेड गर्मी एवं बरसात के दौरान भक्तों को राहत प्रदान करेगा। सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में सोसायटी की कोर कमेटी के सदस्य एल.सी. जोशी, दिनेश कुमार माली, हेमंत त्रिवेदी, के.सी. शर्मा एवं सी.एल. पूर्बिया द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन के साथ शेड को अपने आराध्य देव झामेश्वर महादेव को समर्पित किया गया। महासचिव हेमंत त्रिवेदी ने सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए शेड निर्माण में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सदस्यों ने भक्ति भाव के साथ होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न होली गीतों की धुन पर सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में रॉक फॉस्फेट संभाग के महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार शर्मा एवं महाप्रबंधक राजेंद्र राव सहित आरएसएमएम के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सोसायटी अध्यक्ष एल.सी. जोशी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया, जबकि उपाध्यक्ष देवनारायण धाभाई ने आभार व्यक्त किया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।